**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 20 सितंबर 2026, समय 1810 (10 मिनट)**

सब्सिडी वाले गैस की बुकिंग के लिए पहली अक्तूबर से आधार से बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी किया गया ।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पहली नवंबर को लाडो लक्ष्मी योजना कि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा। योजना के विस्तार के बाद आवेदन के लिए पोर्टल फिर से खोला गया।

विकसित भारत के लिए 100 सप्ताह के नशा-मुक्त युवा अभियान के तहत हरियाणा चंडीगढ़ सहित देश भर मे युवाओं ने नशों से दूर रहने और नशा मुक्त भारत अभियान के निर्माण मे योगदान देने का संकल्प लिया ।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल के गांव बामनीखेड़ा में नमो क्रिकेट लीग प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया ।

हरियाणा मे चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत आज जींद, तिगाँव सहित विभिन्न जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

---

सब्सिडी वाले रसोई गैस की बुकिंग के लिए पहली अक्तूबर से आधार से जुड़ा बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी होगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी वाला LPG सिलेंडर केवल पात्र परिवारों को मिले। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी पात्र परिवार को LPG से वंचित करना नहीं है। जो ग्राहक पहले ही प्रमाणीकरण पूरा कर चुके हैं, उन्हें दुबारा कराने की जरूरत नहीं है। बायोमेट्रिक आधार प्रमाणन का काम सिलेंडर की डिलीवरी के समय,

वितरक के शोरूम पर या तेल विपणन कंपनियों के मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है ।

----------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि  नवंबर के महीने में 1लाख 80 हजार रुपए तक आय वाली पात्र महिलाओं को लाडो लक्ष्मी का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने  आज लाडवा विधानसभा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में कहा कि अब तक 1 लाख रुपए वार्षिक आय तक वाले परिवार इस योजना के पात्र थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि विस्तार के बाद आवेदन के लिए पोर्टल खोला गया है और पात्र महिलाओं को एक नवंबर के दिन योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि ऑनलाइन माध्यम से उनके खातों मे  भेजी जा चुकी है।
उन्होंने युवाओं को रोजगार देने को लेकर कहा कि सरकार ने पिछले 12 साल में प्रदेश के 2 लाख युवाओं को बिना खर्ची पर्ची केवल योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी है।
इस दौरान गांव कालीरानों में उन्होंने गांव के विकास के लिए 21 लाख रुपए और पुस्तकालय की किताबों के लिए 2 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही गांव सुल्तानपुर में 21 लाख रुपए गांव के विकास के लिए और 5 लाख रुपए गुरुद्वारा साहिब में देने का ऐलान किया। मुख्यमनरी ने गांव सोंटी, गांव बीड सोंटी और गांव के गुरुद्वारा साहिब में 21-21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

-----------------------------------------------------------------

विकसित भारत के लिए 100 सप्ताह के नशा-मुक्त युवा अभियान के तहत आज देशभर में युवा एकजुट हुए। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय संकल्प समारोह एक हजार 67 स्थानों पर  आयोजित किया गया। समारोह में नशा-मुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, नारा

लेखन और चर्चाओं के जरिए अभियान का संदेश सीधे युवाओं तक पहुंचाया गया। इस अभियान में आध्यात्मिक समूह, प्रमुख व्यापारिक समूह, कॉलेज और स्थानीय संगठन शामिल हैं।

चंडीगढ़ में सेक्टर 17 में नशा-मुक्त युवा अभियान समारोह में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शिरकत की और युवाओं को नशों के विरुद्ध संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

----------------------------------------------------------------------

मेरा युवा भारत ने आज चंडीगढ़ के देव समाज महिला कॉलेज में 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान नशा मुक्ति शपथ चक्र एवं हस्ताक्षर अभियान में 212 युवाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी 100 सप्ताह के 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 212 युवाओं ने सामूहिक रूप से नशे से दूर रहने और नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया तथा अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए।

चंडीगढ़ के जिला युवा अधिकारी विनय कुमार ने कहा, "100 सप्ताह लंबा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान' एक राष्ट्रव्यापी युवा-नेतृत्व वाला आंदोलन है। इसका उद्देश्य केवल जागरूकता पैदा करना नहीं, बल्कि युवाओं को सशक्त बनाकर नशामुक्त भारत के सक्रिय दूत के रूप में तैयार करना भी है।"

उन्होंने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, अपने साथियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा एक स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान युवा संवाद, नारा-लेखन तथा अन्य जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे और मादक पदार्थों के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।

---

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि जापान में आयोजित हो रही एशियाई खेलों में 80 खिलाड़ी हरियाणा प्रदेश से भाग ले रहे है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ही नहीं पूरे हरियाणावासियों के लिए यह गर्व की बात है।

खेल राज्य मंत्री आज पलवल के गांव बामनीखेड़ा में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय नमो क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। खेल राज्य मंत्री ने आज खुद मैच खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत शुरू की गई नमो क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना है और युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर करना है।

उन्होंने कहा कि नमो क्रिकेट लीग के जरिए युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

काबिलेगौर है कि नमो क्रिकेट लीग में 100 से ज्यादा टीमें हिस्सा ले रही है। ।

---

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज जींद के अर्जुन स्टेडियम में नशा मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर लगभग 250 खिलाड़ियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।
जिला खेल अधिकारी रामपाल ने युवाओं से नशे से पूरी तरह दूर रहने और खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। ऐसे में युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखा जा सकता है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर हरियाणा में शुरू किए गए सेवा संकल्प अभियान के तहत आज तिगाँव के एक स्कूल में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंगों और चित्रों के माध्यम से विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की अपनी कल्पना को प्रकट किया।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही देश के भविष्य के निर्माता हैं। बच्चों को बड़े सपने देखने, लक्ष्य निर्धारित करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाना चाहिए।

---

आज हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो  द्वारा कुरुक्षेत्र में सीआईडी में तैनात एक इंस्पेक्टर राजेश कुमार को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

कुरुक्षेत्र में ब्युरो के प्रभारी इंस्पेक्टर हरजिंदर सिंह ने बताया कि एक शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।